शिक्षा में गुणवत्ता का साधन–अध्यापक शिक्षा

प्रो. (डॉ.) अमर ज्योति सिंह

प्रो. (डॉ.) अमर बहादुर सिंह

अध्यापक शिक्षा के माध्यम से व्यापक लक्ष्यों की प्राप्ति की जा सकती है। अलग–अलग स्तरों में अध्यापकों की व्यवस्था की जाती है। अध्यापक शिक्षा का लक्ष्य सांस्कृतिक परम्पराओं मानवीय मूल्यों वनीतिगत आचरण संबंधी मर्यादाओं को यथावत रखने का प्रयास करना है। जीवन मूल्यों में निरन्तर परिवर्तन होता रहता है। इसलिए इन परिवर्तनशील जीवन मूल्यों में निरन्तर परिवर्तन रहता है। इसलिए इन परिवर्तनशील जीवन मूल्यों का निर्धारण संवर्द्धन करना अध्यापक शिक्षा द्वारा हो सकता है। अध्यापक शिक्षा से अभिप्राय उन सभी औपचारिक तथा अनौपचारिक क्रियाओं तथा अनुभवों का ज्ञान प्रदान से है जो किसी व्यक्ति को अध्यापक के उत्तरदायित्वों को प्रभावशाली ढंग से निर्वाहक करने में समर्थ बनाते हैं।